क्या आपको हेपेटाइटिस बी का परीक्षण करवाना चाहिए?



- हेपेटाइटिस बी एक वायरस है जो लीवर पर हमला करता है और लीवर कैंसर का कारण बन सकता है।
- बहुत से लोग नहीं जानते कि वे संक्रमित हैं क्योंकि वे महसूस नहीं करते हैं या बीमार नहीं दिखते हैं, लेकिन वे दूसरों में वायरस फैला सकते हैं।
- एक सुरक्षित और प्रभावी वैक्सीन है जो हेपेटाइटिस बी से बचाव कर सकती है।

हेपेटाइटिस बी निम्न कारणों से फैलता है:

- जन्म के समय गर्भवती महिला से बच्चे को
- यौन संबंध से
- किसी संक्रमित व्यक्ति के रक्त के संपर्क में आने से
- रेज़र, टूथब्रश, या नाखून कतरनी को साझा करने से

हेपेटाइटिस बी निम्न कारणों से नहीं फैलता:

- खाना या खाने के बर्तन साझा करना
- गले लगाना, चूमना या हाथ पकड़ने से

किसे अपना परीक्षण करवाना चाहिए?

- ✓ गर्भवती महिलाएं
- ✓ वे लोग जो किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहते हैं जिसे हेपेटाइटिस बी है
- ✓ उन क्षेत्रों में पैदा हुए लोग जहां हेपेटाइटिस बी बहुत ही आम है, जैसे कि अफ्रीका या एशिया, या जिनके माता-पिता उन क्षेत्रों में पैदा हुए थे
- ✓ निश्चित जोखिम वाले लोग

अधिक जानकारी के लिए:

www.cdc.gov/hepatitis/hbv/
doh.wa.gov/hepbhub

Hep B Hub
doh.wa.gov/hepbhub

Washington State Department of Health DOH 420-408 May 2022 Hindi

इस दस्तावेज़ को किसी दूसरे फ़ॉर्मेट में प्राप्त करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या ऊंचा सुनने वाले ग्राहक कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।

Minnesota Department of Health (मिनेसोटा के स्वास्थ्य विभाग) की अनुमति से अपनाया गया